
सोमवार
01 मई 2023



पृष्ठ 4
**जीभ का रंग बता सकता है स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं**



पृष्ठ 5
**नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म अफवाह 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी**




- देहरादून
- वर्ष 31
- अंक 91
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।
— महात्मा गांधी

# सीएम धामी ने पीएम मोदी से रिपोर्ट कार्ड पर की चर्चा

## ❑ यूनिफॉर्म सिविल कोड पूरे देश के लिए जरूरी

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक से डेढ़ घंटे तक चली इस मुलाकात के दौरान उन्होंने राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं के विकास व प्रगति की जानकारी दी, वहीं चार धाम की व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की और जोशीमठ आपदा प्रभावितों के विस्थापन में मदद की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ और बद्रीनाथ का प्रसाद दिया और उनसे यात्रा पर आने का आग्रह भी किया है।



सीएम पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि प्रधानमंत्री का हर संभव सहयोग उत्तराखंड को मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। राज्य में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति पर उनकी पीएम से बात हुई है चाहे ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन की बात हो या फिर बद्री केदार धामों के विकास योजनाओं की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी काम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भी मिलने का कार्यक्रम है। जिसमें वह राज्य में एयर कनेक्टिविटी के विस्तारीकरण और जौली ग्रांट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण पर वार्ता करेंगे। उनका कहना है कि उत्तराखंड राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी का बेहतर होना जरूरी है। हमारी कोशिश है कि आने वाले समय में इसे और भी अधिक बेहतर बनाया जाए। यूनिफॉर्म सिविल कोड के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक और प्राकृतिक स्थिति अन्य राज्यों से अलग है यहां धर्म और अध्यात्म के साथ-साथ प्राकृतिक संपदा का भंडार है। जिसके संरक्षण के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड जरूरी है। उन्होंने कहा कि आगामी जून तक इसका ड्राफ्ट तैयार हो जाएगा जिसके बाद इसे तुरंत लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं यह देश के सभी राज्यों के लिए जरूरी है।

# धर्मनगरी में चल रहे सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ दो गिरफ्तार, दो फरार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी के एक होटल में चल रहे सैक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए एएसटीयू, सीआईयू व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने देह व्यापार के दलदल में फंसी लड़कियों को आजाद कराया गया। मामले में दो होटल मैनेजर को दबोचा गया जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।


एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों से हरिद्वार कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्थित एक होटल में लगातार देह व्यापार की सूचना मिल रही थी। लगातार मिल रही देह व्यापार की सूचनाओं का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस टीम द्वारा सादे कपड़ों में खुद ग्राहक बन कर दलाल से व्हाट्सएप पर बात की।

दलाल द्वारा व्हाट्सएप पर महिलाओं की फोटो भेज कर रेट तय करने के साथ होटल की जानकारी साझा की गई। जिसके बाद 4 पुलिस कर्मी सादे कपड़ों में ग्राहक बनकर बताए गए होटल में गए। ग्राहक बनकर होटल गए पुलिस कर्मियों को होटल संचालक द्वारा 2 अलग-अलग कमरों में 2 लड़कियों के होने की बात कही, जिस पर ग्राहक बनकर गए पुलिस कर्मियों द्वारा अपनी टीम को इसकी जानकारी दी।

◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

# कार खाई में गिरी चालक की मौत

हमारे संवाददाता



नैनीताल। सड़क दुर्घटना में देर रात एक कार के खाई में गिर जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

यह दर्दनाक हादसा भवाली अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात हुआ है। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी से अल्मोड़ा की तरफ जा रही एक कार जड़मिला के पास अनियंत्रित होकर सड़क से 100 मीटर नीचे शिप्रा नदी में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। आज सुबह आस पास के लोगों ने कार नदी गिरने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही खैरना चौकी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कार से कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। खैरना चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने बताया कि युवक के पास से डीएल मिला था। जिससे उसकी पहचान पहचान कमल कुमार वर्मा (47) पुत्र वीएल वर्मा निवासी खजांची मोहल्ला अल्मोड़ा के रूप में हुई है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# मौसम विभाग की भविष्यवाणी, मई में भी बरसेंगे बदरा!

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं उत्तर भारत सहित देश के अधिकांश प्रदेशों में बूंदाबांदी से गर्मी से राहत दी है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में हवाओं के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर में मई के पहले हफ्ते तक लू एवं हीटवेव से राहत प्राप्त होती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस यानी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब में अगले 3-4 दिन मौसमी गतिविधियों में परिवर्तन देखने को मिलेगा। इस के चलते तेज हवाएं चलने के साथ हल्की वर्षा, गरज एवं बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तो देश की राजधानी दिल्ली में 4 मई तक हल्की वर्षा देखने को मिल



सकती है। इस के चलते ज्यादा तापमान घटकर 30 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, आज यानी रविवार को गरज के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। आंधी के चलते हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। वहीं, 4 मई के पश्चात् मौसम में एक बार फिर गर्मी और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। 5 मई को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।

मध्य प्रदेश में पिछले कई दिनों से हल्की से मध्यम वर्षा की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, कुछ जगहों पर तेज वर्षा के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। यूं तो अप्रैल के महीने में ही देश भर के विभिन्न प्रदेशों में गर्म हवाएं और लू के थपेड़े परेशान करने लगते हैं मगर अभी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण उत्तर भारत के प्रदेशों का मौसम बदला हुआ है तथा लू चलने की संभावना नहीं है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मन की बात का कोई तोड़ नहीं

'जो दिखता है वह बिकता है, बाजारीकरण में प्रचार और प्रसार की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता है महत्वपूर्ण यह नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं महत्वपूर्ण यह है कि आप अपना या अपने उत्पाद का कितना प्रचार और प्रसार कर सकते हैं। आपने 2014 के लोकसभा प्रचार के दौरान कुछ ऐसी बातें जरूर सुनी होगी जो शायद अब आपको याद भी नहीं होगी लेकिन वह बातें प्रचार के माध्यम से जन-जन तक पहुंची और भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीत का बड़ा कारण बनी। मोदी जी आएंगे काला धन वापस लाएंगे देश के हर गरीब को अमीर बनाएंगे। अच्छे दिन आने वाले हैं हम मोदी जी को लाने वाले हैं। हर गरीब को ऐसा लग रहा था कि उसके बैंक खाते में बस कुछ दिनों में ही लाखों रुपए आ जाएंगे। आज 9 साल बाद देश में कहीं भी किसी के द्वारा भी उस काले धन का जिक्र तक नहीं किया जाता है जो स्विस बैंक के खातों में पड़ा सड़ रहा है। देश के लोगों के कितने अच्छे दिन आ सके यह बात आज एक आम और उस गरीब आदमी से जाकर पूछिए जिसके परिवार की आय 10 से 15 हजार प्रति माह तक सीमित है और जो अब एक रसोई गैस का सिलेंडर सवा ग्यारह सौ रूपये तथा पेट्रोल और डीजल 100 रूपये और 90 रूपये लीटर खरीद रहा है उसके कितने अच्छे दिन आ गए? लेकिन इस प्रचार ने भाजपा और मोदी जी को सत्ता का रास्ता जरूर दिखा दिया। आज कोई महंगाई पर बात करने को तैयार नहीं है याद कीजिए उस दौर को जब प्याज की कीमतों ने देश की सत्ता बदल दी थी। इन दिनों कर्नाटक में चुनाव प्रचार चल रहा है कल की बात है जब प्रधानमंत्री अपनी जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो वह सांप की बात कर रहे थे कि विपक्ष के लोग मुझे सांप बता रहे हैं लेकिन मैं कहता हूं कि सांप तो शिव के गले की सुंदरता है मेरे लिए तो मेरे देश की जनता ही मेरा भगवान है। सवाल यह है कि क्या आज की राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा सांप और शिव बन गए हैं और देश में कोई समस्या शेष नहीं बची है। बीते कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना मन की बात का सौंवा एपिसोड पेश करने के लिए देश की जनता के सामने आए। जिसे प्रचारित व प्रसारित करने के लिए पूरी केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्य ही नहीं देश भर के भाजपा नेता व कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुड़े दिखे। देश में लाखों बड़े स्क्रीन लगाए गए स्कूल जिनकी रविवार को छुट्टी रहती है भी खोले गए और जितना भी संभव हो सकता था भीड़ जुटाई गई। एपिसोड में यूनेस्को के धन्यवाद प्रस्ताव से लेकर न्यू जर्सी अमेरिका तक में विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रचार करते दिखे। अगर प्रचार-प्रसार के दृष्टिकोण से देखा जाए तो मन की बात ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है मन की बात देश के 100 करोड़ लोगों ने सुनी बताया जा रहा है। 23 करोड़ लोग नियमित मन की बात सुनने वाले हैं और 41 करोड ऐसे हैं जो कभी-कभी सुनते हैं। मन की बात प्रचार का एक ऐसा सशक्त जरिया बन चुका है जिसकी स्पर्धा में अब सौ-सौ कोस तक कोई नहीं ठहर सकता है यह बात अलग है कि मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने में कितने हजार करोड़ खर्च किए गए लेकिन यह बड़ी कामयाबी है खास तौर पर भाजपा और प्रधानमंत्री के लिए क्योंकि अब उन्हें प्रचार में कोई परास्त नहीं कर सकता। विपक्ष हैरान परेशान है क्योंकि उसके पास मन की बात का कोई तोड़ नहीं है।

## छात्र-छात्राओं ने मनाया श्रमिक दिवस

संवाददाता

देहरादून। अकेशिया पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए मजदूर दिवस मनाया।

आज यहां अकेशिया पब्लिक स्कूल नत्थनपुर नेहरूग्राम देहरादून में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों द्वारा श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मजदूरों के महत्व को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सम्मान के रूप में प्रधानाचार्या द्वारा विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को उपहार भेंट किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा मारिया ने बच्चों को मजदूर दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के संचालक मनमीत सिंह ढिल्लन, प्रधानाचार्या पूजा मारिया, उपप्रधानाचार्या ममता रावत सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे।

*उत त्वा धीतयो मम गिरो वर्धन्तु विश्वहा।*
*अग्ने सख्यस्य बोधि नः॥*

(ऋग्वेद ८-४४-२२)

हे परमेश्वर ! मेरे शब्द, विचार, और कर्म सदैव आपकी कीर्ति में वृद्धि करें। मेरी और आपकी मित्रता दिनोंदिन ओर अधिक प्रगाढ़ होती चली जाए।

O God ! May my words, thoughts, and deeds always augment your glory. May our friendship grow stronger day by day. (Rig Ved 8-44-22)

# गंगोत्री में ही क्यों व्यथित हैं माँ गँगा ?

*गंगोत्री से लोकेंद्र सिंह बिष्ट*



आज आपको फिर से लिए चलते हैं माँ गंगा के धाम गंगोत्री में जहां श्रध ालु महिलाएं माँ गँगा में बड़ी संख्या में वस्त्र आदि प्रवाहित कर माँ गंगा को उसके ही उदगम में मैला करने का काम कर रहे हैं। ये दृश्य हमने अपने कैमरे में पिछले वर्ष भी कैद किए थे और आज भी इस समस्या पर मंत्रालय व लोगों का ध्यान आकर्षित करने के साथ साथ समस्या का हल ढूंढने के प्रयास किया कर रहे हैं।

आज गंगा विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड के प्रांत संयोजक, उप जिलाधिकारी भटवाड़ी चतर सिंह चौहान वा उनकी समस्त टीम, जिला प्रशासन, नगर पंचायत गंगोत्री के कर्मचारी, गंगोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारी, रावलगण आदि ने गंगोत्री में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया और 10 बोरे प्रवाहित वस्त्रों को एकत्रित किया।।

आप देखेंगे कि गंगोत्री में आजकल एक दिन में 10 से 15 हजार श्रधालु पहुंच रहे हैं। जिनमे से नब्बे फीसदी लोग माँ गंगा में पवित्र स्नान करते हैं। इन फोटोज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा माँ गंगा जी को वस्त्र आदि भेंट करते हुए दिखाया गया है। दु:खद पहलू ये है कि महिला तीर्थयात्रियों द्वारा बड़ी संख्या में माँ गंगा में श्रृंगार व वस्त्र धोती साड़ी माँ गँगा में भेंट (प्रवाहित) की जा रही हैं। गौरतलब है कि बड़ी संख्या में कई श्रद्धालु पुराने कपड़े भी विसर्जित करते नजर आये।

गँगा विचार मंच उत्तराखंड पिछले 5 वर्षों से माँ गंगा के धाम आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अपील करता आ रहा है कि माँ गंगा में किसी भी तरह के वस्त्र, पूजा, श्रृंगार सामग्री न बहाएँ। इनसे गंगा में प्रदूषण ही बढ़ता है। आपके द्वारा माँ गंगा की धारा में प्रवाहित किये वस्त्रों, पूजा व श्रृंगार सामग्री से खुश नहीं अपितु व्यथित ही होती हैं। इन वस्त्रों से माँ का श्रृंगार खूबसूरत होने के बजाय बदरंग ही होता है। आप जो कुछ भी वस्तुएं, पूजा, श्रृंगार व वस्त्र धोती कुर्ता साड़ी भेंट करना चाहते हैं तो माँ गंगा के मुख्य मंदिर गंगोत्री मंदिर में ही चढाएं या फिर किसी जरूरत मंद लोगों को भेंट करें।

माँ गंगा आपके द्वारा जरूरतमंद लोगों व मुख्य मंदिर में दान किये वस्त्रों के बाद आपको असीम प्यार ,आशीर्वाद व आशीष देंगी।

गँगा विचार मंच के प्रदेश संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने गंगोत्री में श्रद्धालुओं व तीर्थयात्रियों व लोगो से अपील की कि माँ गँगा में किसी भी तरह को पूजा श्रृंगार सामग्री, खासकर वस्त्र यानी साड़ी धोती व कपड़े प्रवाहित न करें। गँगा विचार मंच ने गंगोत्री मन्दिर समिति से भी गुजारिश कर कहा कि मंदिर समिति भी श्रद्धालुओं से अपील करे कि श्रद्धालु वस्त्र आदि गंगोत्री मंदिर में ही भेँट करें।।

गँगा विचार मंच व जिला गँगा समिति उत्तरकाशी पिछले वर्ष वा इस वर्ष जनजागरण व जागरूकता के लिए गंगोत्री में इस तरह के बैनर लगाए, वाल पेंटिंग वा राइटिंग की हैं जिसमे ये सूचना है कि माँ गंगा के प्रवाह में किसी भी तरह के वस्त्र आदि न प्रवाहित करें।

गंगा विचार मंच ने इस विषय/गंभीर समस्या को नमामि गंगे, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जलशक्ति मंत्रालय के साथ साथ प्रधानमंत्री कार्यालय को भी अवगत करवाया है। गंगा विचार मंच की पहल है की आने वाले समय में प्रधानमंत्री जी के मन की बात में इस विषय को जगह मिले। हमारी कोशिश अवस्य रंग लाएगी।।

# देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहीः व्यास

संवाददाता



देहरादून। बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का उदघाटन करते हुए हर्षमणि व्यास ने कहा कि देश के विकास में महिला शक्ति का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आज यहां बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक ओएनजी कैंपस में डी डब्ल्यू टी कर्जन रोड की लगभग 50 छात्राओं को प्रथम चरण में स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत ट्रेनिंग दी जायेगी। यह ट्रेनिंग नैक एकिडेशन के मापदंडों के अनुरूप आयोजित होनी है जो कि लगभग चालीस घंटे का प्रोग्राम है। यह ट्रेनिंग पांच दिवसीय प्रोग्राम है। बीएस नेगी महिला पॉलीटेक्निक के अध्यक्ष हर्षमणि व्यास नें कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि महिला शक्ति की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और केन्द्र सरकार द्वारा आरंभ स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत महिलाओं को यह ट्रेनिंग देकर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम यूनिवर्सिटी वूमेन एसोसिएशन व गोदाम्बरी हैडलूम द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है जोकि महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यरत एवं अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर 'नासवी' ने आयोजित किया ऑनलाइन वेबीनार

कार्यालय संवाददाता



हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, राष्ट्रीय समन्वयक अरविंद सिंह के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम दिवस के अवसर पर जूम ऐप के माध्यम से वेबीनार आयोजित किया गया। जिसमें देश विदेश के फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स संगठनों के प्रतिनिधि सम्मलित रहे। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर उत्तराखंड लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष व नासवी की वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा ने उत्तराखंड राज्य में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी के साथ अपने रचनात्मक सुझाव ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से सांझा किए।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष, नासवी वर्किंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में उत्तराखंड सरकार द्वारा रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को देहरादून, हल्द्वानी, रुद्रपुर, कोटद्वार, रुड़की, हरिद्वार, काशीपुर इत्यादि क्षेत्रों में वेंडिंग जोन के रूप में व्यवस्थित व स्थापित किए जाने के कार्य प्रचलन में हैं। उन्होंने कहा हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा अभी तीन वेंडिंग जोन विकसित किए जा चुके हैं, राज्य के अन्य जिलों में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वरोजगार के अवसर दिए जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2014 में पत्र विक्रेता संरक्षण अधिनियम भारत सरकार द्वारा देश की राज्य सरकारों को लागू करने के लिए 1 मई 2014 को आदेशित किया गया था आज 9 वर्ष बीत जाने के उपरांत बहुत से राज्यों में राष्ट्रीय पत्र विक्रेता संरक्षण अधिनियम के तहत राज्य सरकारों द्वारा नियमावली नहीं बनाई गई है जो कि अन्याय पूर्ण है।

# होम डिलीवरी का संकट

कोविड लॉकडाउन के दौरान भारत में होम डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा था। लेकिन कोविड के बाद बदले हालात और दुनियाभर में छाए वित्तीय संकट ने इस कारोबार को भी संकटग्रस्त बना दिया है।

भारत में कोरोना काल के बाद से कई बड़ी कंपनियों ने दस-दस मिनट में घर के सामान और खाने की डिलीवरी वाली सेवाएं शुरू की। इनमें जोमैटो जैसी स्थापित कंपनी से लेकर जेप्टो और ब्लिंकिट जैसे स्टार्टअप तक शामिल थे।



लेकिन किसी भी कंपनी को वैसी सफलता नहीं मिली, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। हाल में ब्लिंकिट ने अपने डिलिवरी ब्वॉयज के लिए डिलीवरी चार्ज 25 से घटाकर 15 रुपये की, तो उसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इसके पहले जनवरी में जोमैटो ने अपनी 10 मिनट की डिलीवरी सर्विस जोमैटो इंस्टैंट को बंद कर दिया। इसका कारण रहा कि कंपनी को इस बाजार में ना तो विस्तार नजर आ रहा था, ना मुनाफा। हालांकि कंपनी ने कहा कि वह अपनी रिब्रैंडिंग कर रही है, लेकिन मीडिया से बातचीत में कंपनी के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि कंपनी को इतना काम भी नहीं मिल पा रहा था कि रोज का खर्च निकल सके। कुछ जानकारों के मुताबिक ये कंपनियां भी दस मिनट में डिलीवरी के वादे पूरे नहीं कर पा रही थीं। जिन लोगों ने इन सेवाओं को आजमाया, उन्हें बहुत ही खराब नतीजे मिले।

हाल के सालों में भारत में ऑनलाइन डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा है। आने वाले सालों में इसके और विशाल होने का अनुमान लगाया गया है। रेडसीअर कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 तक भारत का हाइपर-लोकल डिलीवरी बाजार 50-60 फीसदी बढ़कर 15 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। लेकिन ऐसी डिलीवरी की अपनी लागत है। आरंभ में कारोबार फैलाने के लिए कंपनियों ने डिलीवरी ब्वॉयज को काफी इन्सेंटिव दी। लेकिन बाद में मुनाफा बढ़ाने की कोशिश में उन पर ही मार पड़ने लगी। वजह यह है कि ऑनलाइन डिलीवरी का खर्च उठाने की स्थिति में ज्यादातर भारतीय उपभोक्ता नहीं हैं। या कम से कम ऐसा करने की उनकी दिमागी तैयारी नहीं है। इसलिए ये कारोबार आज कई सवालों से घिर गया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान भारत में होम डिलीवरी का बाजार बढ़ा था। लेकिन कोविड के बाद बदले हालात और दुनियाभर में छाए वित्तीय संकट ने इस कारोबार को भी संकटग्रस्त बना दिया है।(आरएनएस)

# ऐसे कैसे बनेगी विपक्षी एकता ?

दिल्ली में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुटता बनाने के प्रयास में लगी हैं और उधर कर्नाटक में सब एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। तभी सवाल है कि आपस में लड़ कर विपक्षी पार्टियां किस तरह की एकता बनवाएंगी? कर्नाटक में शरद पवार की पार्टी एनसीपी 45 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एनसीपी नेताओं का कहना है कि उनका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीन गया है इसलिए वे विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं ताकि वोट हासिल करके राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस लिया जाए। सोचें, उनके लिए कर्नाटक में भाजपा को रोकने की बजाय अपना राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा ज्यादा जरूरी लग रही है। इसी तरह आम आदमी पार्टी राज्य में 168 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी के सारे नेता पूरी ताकत लगा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि चित्तपुर की सुरक्षित सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे के खिलाफ भी आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवार दिया है। सोचें, दिल्ली में और संसद में खड़गे के साथ आम आदमी पार्टी का पूरा सद्भाव दिखता है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया तो खड़गे उनको सबसे पहले फोन करने वाले नेताओं में से थे। अगर उनके बेटे के खिलाफ आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार नहीं होता तो इससे एक सकारात्मक मैसेज बन सकता था। लेकिन उनके बेटे के खिलाफ आप ने जगदीश सागर को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि पिछले चुनाव में इस सीट पर प्रियंका खड़गे महज चार हजार वोट से जीते थे। इस बार आप का उम्मीदवार अगर थोड़े से भी वोट काट लेता है तो प्रियांक के लिए मुश्किल हो सकती है। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन


# खीरा खाने के बाद क्यों नहीं पीना चाहिए पानी ?



गर्मी के मौसम के शुरू होते ही लोग खीरा खाना शुरू कर देते हैं. आपको बता दें कि खीरे में पानी और अन्य पोषक तत्व उचित मात्रा में मौजूद होते हैं. इसे खाने से शरीर में पानी की कमी पूरी होती है. साथ ही स्किन में भी ग्लो नजर आने लगता है. लेकिन क्या आपको पता है कि खीरा खाने के बाद पानी पीने से आप इसके आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह सकते हैं. इसके अलावा इससे पाचन और अवशोषण की प्राकृतिक प्रक्रिया को भी नुकसान पहुंचता है. शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अपनी डाइट में सलाद को जरूर शामिल करें. लोगों को खीरा खाना बहुत पसंद भी होता है. सलाद में खीरे का इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है. इसमें पानी की बहुत अधिक मात्रा मौजूद होती है. साथ ही कई पोषक तत्व भी होते हैं जो शरीर के लिए जरूरी माने जाते हैं.

खीरे में विटामिन सी, विटामिन के, कॉपर, मैग्नीशियम, पोटेशियम, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं. यह सभी तत्व शरीर को स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी हैं. यही वजह है कि गर्मियों में इसका सेवन काफी फायदेमंद होता है. लेकिन क्या आपको पता है कि खीरा खाने के बाद पानी पीने से सेहत को नुकसान हो सकते हैं? अगर खीरा सेहत के लिए फायदेमंद है तो इसके बाद पानी पीने से सेहत को नुकसान भी होता है. आइए जानते हैं खीरा खाने के बाद पानी पीने से सेहत को क्या-चाहिए पानी

खीरे में 95 फीसदी पानी होता है. खीरा विटामिन सी, विटामिन के, कॉपर, मैग्नीशियम, पोटेशियम, मैंगनीज और सबसे महत्वपूर्ण सिलिका जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरा हुआ होता है, जो त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है. ऐसे में इसे खाने के बाद पानी पीने से आप इन आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह सकते हैं.

पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण के लिए कच्ची सब्जियां और फल खाने के बाद हमेशा से पानी पीने से बचने की सलाह दी जाती है. न सिर्फ खीरा बल्कि डॉक्टरों की मानें तो पानी से समृद्ध फल और सब्जियां जैसे तरबूज, अनानस और स्ट्रॉबेरी के बाद भी पानी नहीं पानी चाहिए. इसके अलावा खीरे के बाद पानी पीने से जीआई नुकसान पहुंचता है.

पाचन संबंधी समस्या

खाने को डाइजेस्ट करने के लिए पीएच लेवल की आवश्यकता होती है लेकिन खीरे के साथ या इसे खाने के बाद पानी पीने से पीएच लेवल कमजोर हो जाता है और खाद्य पदार्थों को पचाने के लिए आवश्यक एसिड प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाता. इसके चलते पाचन संबंधी समस्याएं होने लगती हैं.

डायरिया और लूज मोशन की समस्या

खीरा खाने से कब्ज की समस्या ठीक होती है लेकिन खीरे के बाद अगर आप पानी पीते हैं तो इससे डायरिया और लूज मोशन की परेशानी हो सकती है. इसलिए खीरा खाने और पानी पीने के बीच कम से कम 20 से 30 मिनट का अंतराल जरूर रखें.

# शाइनी बाल पाने के लिए आसान और अच्छा ऑप्शन है हेयर स्पा



खूबसूरत और शाइनी बाल पाने के लिए हेयर स्पा काफी आसान और अच्छा ऑप्शन है। मगर इन दिनों लॉकडाउन के चलते पार्लर और स्पा बंद हो चुके हैं। ऐसे में आपके बाल खराब न हों इसलिए आप घर बैठे ही इन्हें स्पा का ट्रीटमेंट दे सकती हैं। नियमित रूप से हेयर स्पा लेने से बालों की रिपेयरिंग होती है, बाल हेल्दी और शाइनी बने रहते हैं। स्पा ट्रीटमेंट 5 स्टेप से मिलकर बना होता है। इसमें हेड मसाज, ऑयलिंग, स्टीमिंग और हेयर मास्क आदि शामिल है। अगर घर बैठे आप भी अपने बालों को चमकदार बनाना चाहती हैं तो नीचे बताए गए इन तरीकों को जरूर आजमाएं...

स्टेप 1: हेड मसाज

स्पा ट्रीटमेंट शुरू करने के लिए सबसे पहले सिर को अच्छी तरह से मसाज दी जाएगी। इससे बालों की जड़ें मजबूत बनेंगी और उनका रूखापन दूर होगा। आप घर में रखा कोई भी हेयर ऑयल यूज कर सकती हैं। यही नहीं आप चाहें तो दो से तीन हेयर ऑयल को मिक्स करके भी लगा सकती हैं। तेल लगाने से पहले इसे गर्म जरूर कर लें और सिर की 15 से 20 मिनट तक मसाज करें।

स्टेप 2 - स्टीमिंग

अब अगले स्टेप में अपने बालों को स्टीम करें। ऐसा करने से बालों में लगा तेल उसकी जड़ों तक पहुंचेगा और उसे पोषण देगा। पार्लर में स्टीमर के जरिए बालों को स्टीम दी जाती है। लेकिन अगर आपके घर पर स्टीमर मौजूद न हो तो आप तौलिए को गर्म पानी में कुछ देर भिगो कर उससे अपने बालों को 10 मिनट के लिए लपेट कर छोड़ दें।

स्टेप 3 - करें शैम्पू

अब समय आ गया है कि आप अपने बालों को धोएं और साफ करें। बालों को धोने के लिए सल्फेट मुक्त शैंपू का उपयोग करना चाहिए। अगर आपको लगता है कि आपके बालों से तेल साफ नहीं हुआ है तो दोबारा माइल्ड शैंपू का उपयोग कर बाल धोएं।

स्टेप 4 - हेयर मास्क लगाएं

यह आखिरी स्टेप बालों में हेयर मास्क लगाए बिना नहीं खत्म होता। वैसे तो आपको अपने बालों के हिसाब से पार्लर में अलग-अलग तरह के हेयर मास्क मिल जाएंगे। मगर घर पर यदि आपको हेयर मास्क बनाना हो तो अंडा, दही, शहद और केले का प्रयोग किया जा सकता है। इस घर पर बने हुए हेयर मास्क को बालों में लगभग 20 मिनट तक लगाए रखने के बाद धो लें।

स्टेप 5 - आखिरी स्टेप

आखिर में अपने बालों को धोएं। बाल को धोने के लिए आप चाहें तो शैंपू का प्रयोग करें या फिर न करें। अपने बालों को न ही तौलिए से रगड़ें और न ही ब्लो ड्राय करें बल्कि इन्हें नेचुरल तरीके से सूखने दें। इसके बाद बालों में लीव इन कंडीशनर लगाकर छोड़ दें जिससे बाल प्रदूषण से डैमेज न हों।

हेयर स्पा के फायदे

बालों को शाइन और हेल्दी बनाने के अलावाहेयर स्पा से डैंड्रफ जैसी समस्या दूर होती है। यही नहीं आपके बाल दो मुंहे हैं तो भी वह इससे निजात दिलाने में मदद करता है। वो लड़कियां जिनके बाल बिल्कुल पतले हो चुके हैं उनके लिए हेयर स्पा फायदेमंद हो सकता है। इसे रेगुलर लेने से बालों की मोटाई बढ़ती है और बाल घने होते हैं।

हेयर स्पा के नुकसान

बालों में हेयर स्पा महीने में 2 बार से ज्यादा न करवाएं। ज्यादा हेयर स्पा करवाने से बालों की चमक खत्म हो जाती है। यदि आप बालों में हेयर कलर या हिना लगाती हैं तो हो सकता है कि हेयर स्पा से ये कलर निकल जाएं।

# पेट की गंदगी को साफ कर देगा अनानास के छिलके का डिटॉक्स ड्रिंक

चटपटे और ज्यूसी फ्लेवर के वजह से लोग खूब चाव से पाइनएप्पल या अनानास का फल खाना पसंद करते हैं। हम जब भी पाइनएप्पल खाते हैं तो सबसे पहले इसका छिलका उतारकर फेंक देते हैं। लेकिन शायद ही आप जानते होंगे कि जिन छिलकों को आप कचरा समझकर फेंक देते हैं, दरअसल उन छिलकों में विटामिंस और एंटीऑक्सीडेंट का भरपूर खजाना होता है। जी हां, आपने हमें सही सुना पाइनएप्पल के खुरदरे और मजबूत बाहरी हिस्से को आपके कचरे के डिब्बे में फेंकने के बजाय आप इससे एक स्ट्रॉन्ग डिटॉक्स वाटर तैयार कर सकते हैं। अनानास के फल और छिलके में विटामिन सी होता है, जो आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। गर्मियों में पाइनएप्पल के छिलकों से बना डिटॉक्स वाटर न सिर्फ आपके पेट की सफाई करेगा बल्कि आपके बालों और स्किन को हेल्दी बनाएं रखेगा।

स्ट्रॉन्ग एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड्स और बीटा-कैरोटीन एंटीऑक्सीडेंट पाएं जाते हैं। ये एंटीऑक्सिडेंट हानिकारक विषाक्त पदार्थों को निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। पाइनएप्पल के छिलके में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को घटाकर हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। दांतों और मसूड़ों के लिए गुणकारी पाइनएप्पल के छिलके में विटामिन सी की मात्रा खूब होती है, जो इम्यूनिटी मजबूत करने के साथ ही शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। विटामिन सी मसूड़ों की बीमारी से बचाव करते हुए दांतों के इनेमल को मजबूत रखकर कैविटी को रोकने में मदद करता है। जिससे समय के साथ दांत खराब हो जाते हैं। पाइनएप्पल में खूब पानी होता है जो हाइड्रेटेड रखने के साथ अपके ओरल हेल्थ को भी प्रमोट करता है। पेट साफ करके वजन घटाएं उबले हुए पाइनएप्पल के छिलके के पानी में बहुत अधिक फाइबर होता है, जो पाचन में सहायता करता है और जिससे आपका पेट भरा हुआ रहता है। अनानास के छिलके में मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को साफ करके और नियमितता को बढ़ावा देकर शरीर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है। हड्डियों को मजबूत करता है अनानास के छिलके में मैंगनीज और बीटा कैरोटीन मौजूद होते हैं, जो हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के उत्पादन को प्रोत्साहित करती है और इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं। स्किन, हेयर और नाखूनों को रखता है हेल्दी अनानास के छिलके को उबालकर पीने से आपकी रंगत में निखार आता है और ग्लोइंग मिलती है। अनानास के छिलके में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट आपके बालों और नाखूनों के लिए भी फायदेमंद होते हैं क्योंकि ये फ्री रेडिकल डैमेज से बचाने के साथ ही यूथफूल स्किन मैंटेन बनाए रखता है। ऐसे बनाएं डिटॉक्स ड्रिंक एक बड़े अनानास के सभी छिलकों को छिलकर एक सॉस पैन में पानी के साथ अनानास के कुछ टुकड़ों के साथ डुबा दें, और फिर इसे 25 से 35 मिनट के लिए धीमी आंच पर उबलने दें। आंच बंद कर दें और इस ड्रिंक को छानने से पहले इस मिश्रण को और ३० मिनट के ऐसे ही रहने दें। इसके बाद इसमें चाहे तो कोई स्वीटनर मिलाकर इसे पी सकते हैं।

# बच्चों को इन फूड आइटम्स को खिलाएं, नहीं होगा हीट स्ट्रोक का खतरा

गर्मियों ने दस्तक दे दी है। लोगों को पंखे में भी गर्मी महसूस होने लगी है। कुछ जगह पर अभी से कूलर और एसी का सहारा लेने लगे हैं। हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि अभी से कूलर, एसी से लोग मौसमी वायरल के शिकार हो सकते हैं। लोग सावधानी बरतें। वहीं आने वाले कुछ दिनों में सिर तपाने वाली गर्मी पड़ने वाली है। लू भी चलेंगी, तपिश में लोगों का घर से निकलना दूभर हो जाएगा। गर्मियों में लगने वाले हीट स्ट्रोक से बड़े ही नहीं बच्चों को भी संभालकर रखने की जरूरत है। ऐसे ही फूड आइटम्स के बारे में जानने की कोशिश करेंगे, जिन्हे बच्चों को खिलाकर हीट स्ट्रोक से बचाया जा सकता है।

खीरा व ककड़ी खाएं

गर्मियों में खीरा और ककड़ी की खेप बाजार में आ जाती है। लोग इसे खाना पसंद करते हैं। वहीं, खीरा विटामिन के, विटामिन डी जैसे सोर्स से भरपूर भी होता है। ये सभी बॉडी में पानी की कमी नहीं होने देते हैं। बच्चे चाट के रूप में भी ककड़ी, खीरा खा सकते हैं।

छाछ और दही

दूध से दही और छाछ बनाए जाते हैं। बच्चे बाहर के जंक फूड और पेय पदार्थ पीते हैं। ये फायदे के बजाय नुकसान अधिक करते हैं। इससे इतर बच्चों को दही, छाछ, रायता बनाकर पिलाया जा सकता है। ये पेट को ठंडा करने का काम करते हैं, साथ ही दही और छाछ एनर्जी भी देते हैं।

नारियल पानी

नारियल पानी बॉडी में पानी की कमी पूरी करने का बड़ा सोर्स है। बच्चे पानी कम पीते हैं, मगर नारियल पानी को पीना अधिक पसंद करते हैं। नारियल पानी में विटामिन-सी, कैल्शियम, मैंगनीज जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये इम्यून सिस्टम बढ़ाने का काम करता है।

हरी सब्जियां भी लाभकारी

गर्मियों में लू से बचाने के लिए हरी सब्जियां फायदेमंद होती हैं। इसमें आयरन, विटामिन सी, विटानिम ए, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बच्चे सब्जी भी नहीं खाते हैं। मगर सब्जियों को जायकेदार और सलाद के रूप में उन्हें खिलाया जा सकता है।

# जीभ का रंग बता सकता है स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं



क्या आप जानते हैं कि आपकी जीभ आपके स्वास्थ्य के बारे में बहुत कुछ बता सकती है? जी हां, यह सच है। वैसे तो एक स्वस्थ जीभ पतली सफेद कोटिंग के साथ गुलाबी रंग की होती है, लेकिन पोषक तत्वों की कमी से लेकर संक्रमण और गंभीर बीमारियों तक, ऐसी कई चीजें हैं, जिसके कारण जीभ का रंग बदल जाता है। आइए आज हम आपको जीभ से जुड़े स्वास्थ्य समस्याएं बताते हैं।

लाल जीभ


अगर आपकी जीभ का रंग लाल है तो इसका मतलब है कि शरीर में अत्यधिक गर्मी और डिहाइड्रेशन की समस्या है। इससे मुंह सूखने और मुंह के छालों का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा विटामिन बी 12 की कमी से जीभ लाल और बार-बार मुंह के छाले हो सकते हैं, जो एनीमिया होने का संकेत भी हो सकते हैं। मुंह के छालों से छुटकारा पाने के लिए इन घरेलू नुस्खे को अपनाएं।

सफेद धब्बेदार जीभ

अगर जीभ पर क्रीमी सफेद रंग के धब्बे हैं तो थ्रश की समस्या हो सकती है। यह एक तरह का फंगल संक्रमण है, जो कुछ दवाएं लेने के बाद हो सकता है। वहीं अगर जीभ पर छोटे और सफेद धब्बे हैं तो यह लाइकेन प्लेनस का संकेत दे सकता है। इसके अलावा अगर जीभ पर सख्त और सफेद-ग्रे धब्बे हैं, जिन्हें हटाया नहीं जा सकता है तो यह ल्यूकोप्लाकिया हो सकता है, जो कैंसर से जुड़ा हुआ है।

चिकनी जीभ

आयरन, फोलिक एसिड या विटामिन बी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी से चिकनी जीभ हो सकती है। इसके अलावा आपकी जीभ संक्रमण, सीलिएक रोग या कुछ दवाओं के कारण भी चिकनी हो सकती है। वहीं अगर असमतल भागों के पास समतल भाग है तो आपकी जियोग्राफिक जीभ हो सकती है, जो आमतौर पर हानिकारक नहीं होता है। हालांकि, इससे आपको कभी-कभी कुछ असुविधा महसूस हो सकती है।




जलन महसूस होने वाली जीभ

अगर आप अपनी जीभ पर जलन या चुभन जैसा महसूस करते हैं तो यह टूथपेस्ट या हार्मोनल बदलाव के कारण हो सकता है। दरअसल, टूथपेस्ट में मौजूद सोडियम लॉरिल सल्फेट (स्ल्स) जैसी सामग्री के कारण जीभ पर जलन महसूस हो सकती है। इसके अलावा पोस्टमेनोपॉजल महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के कारण भी जलन महसूस हो सकती है। यह समस्या मुंह के सूखने, संक्रमण और मधुमेह जैसे अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी हो सकता है ।

काले धब्बे वाली जीभ

काली और बालों वाली जीभ होना भले ही एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं है, लेकिन यह बैक्टीरिया के विकास का संकेत हो सकती है। इससे संक्रमण, सांस की बदबू और स्वाद में बदलाव हो सकता है। इस तरह की जीभ धूम्रपान, ब्लैक टी या कॉफी का अत्यधिक सेवन, खराब मुंह का स्वास्थ्य और लंबे समय तक एंटी-बायोटिक के इस्तेमाल से हो सकती है। मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ऑयल पुलिंग एक अच्छा तरीका है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -002

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 01 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# कॉफी विद करण 8 में नजर आएंगे रणबीर और आलिया

चैट शो कॉफी विद करण का सीजन 8 शुरू होने वाला है. फिल्ममेकर करण जौहर जल्द ही इस शो के नये सीजन की शुरुआत करेंगे. इसके अलावा शो का पहला एपिसोड काफी एक्साइटिंग और ग्रैंड होने वाला है. करण अपने दर्शकों के लिए शो के पहले एपिसोड में ही कंट्रोवर्सी और रोमांस का डबल तड़का लगाने वाले हैं. खबर है कि, कॉफी विद करण सीजन 8 के पहले एपिसोड में बॉलीवुड की सुपरहिट जोड़ी दिखेगी. इसमें लवली कपल आलिया भट्ट और रणबीर कपूर गेस्ट बनकर शामिल होंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर ने अपने चैट शो के लेटेस्ट सीजन में रणबीर आलिया को पहला गेस्ट चुना है. इसमें कपल पहली बार अपने रिलेशनशिप और पेरेंटहुड पर बात करते दिखेंगे. आलिया और रणबीर की लव स्टोरी अभी भी सीक्रेट बनी हुई हैं. साथ ही बेटी राहा कपूर के जन्म के बाद से कपल ने उसका चेहरा अभी तक लोगों से छिपाया हुआ है. ऐसे में कॉफी विद करण में आलिया और रणबीर की पर्सनल लाइफ को लेकर कई खुलासे हो सकते हैं. साथ ही कॉफी विद करण 8 का पहला एपिसोड धमाकेदार होने वाला है. रणबीर और आलिया के फैंस के ये लिए एक बड़ी खुशखबरी है. कपल के फैंस भी इसको लेकर काफी एक्साइटेड नजर आएंगे. ब्रह्मास्त्र में भी फैंस को रणबीर और आलिया की जोड़ी काफी पसंद आई थी. हाल में 14 अप्रैल को कपल ने अपनी फर्स्ट वेडिंग एनिवर्सरी सेलिब्रेट की थी. इतना ही नहीं करण जौहर के शो को लेकर ये भी जानकारी सामने आई है कि सीजन 8 के आखिरी एपिसोड में बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान नजर आएंगे. इसके अलावा करण के सभी चहेते सितारे करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा भी केडब्ल्यूके काउच पर बैठे नजर आएंगे.

# पारस कलनावत का कुंडली भाग्य में सना सैय्यद के साथ स्पेशल बॉन्ड

टीवी एक्टर पारस कलनावत ने कुंडली भाग्य की अपनी को-एक्टर सना सैय्यद के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उनका ऑफ-स्क्रीन बॉन्ड स्पेशल है। पारस ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर सन-किस्ड फोटो पोस्ट की, जहां वह सना के बगल में खड़े हैं। उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया॰ इससे बेहतर को-एक्टर कोई नहीं हो सकता था।सना के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात करते हुए, पारस ने कहा॰ दर्शकों को स्क्रीन पर जो देखने को मिलता है, उसकी तुलना में मेरे और सना के बीच का रिश्ता ऑफ-स्क्रीन काफी अलग है। सना न केवल एक विचारशील अभिनेता हैं, बल्कि एक दयालु व्यक्ति हैं। हम एक बहुत ही खास बॉन्ड शेयर करते हैं, वास्तव में, हाल ही में एक एक्शन सीक्रेंस की शूटिंग के दौरान मुझे सेट पर चोट लग गई और उन्होंने एक अच्छे दोस्त की तरह मेरा ख्याल रखा।पारस ऐ जिंदगी, मेरी दुर्गा, लाल इश्क, अनुपमा के लिए जाने जाते हैं और बाद में उन्होंने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 1० में भी भाग लिया। उन्होंने आगे बताया कि वे दोनों शो के सेट पर कितनी बार बातचीत करते हैं ताकि उनका ऑन-स्क्रीन बॉन्ड काफी बेहतर दिख सके।उन्होंने कहा, हमारे रिहर्सल और ब्रेक के दौरान, हम अक्सर अलग-अलग टॉपिक्स के बारे में बातचीत करते हैं, जो अप्रत्यक्ष रूप से हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को विकसित करने में मदद करता है। और अब मैं कह सकता हूं, उसके साथ काम करना सहज और सुखद हो गया है। वह एक अद्भुत पेशेवर है, और मैं मुझे यकीन है कि हम एक-दूसरे के साथ आगे की शूटिंग के दौरान अच्छा समय बिताएंगे।कुंडली भाग्य जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# ब्रेकअप के बाद और ज्यादा खूबसूरत दिखने लगीं मायशा अय्यर

बिग बॉस सीजन 15 में ईशान सहगल के साथ अपने लव अफेयर को लेकर सुर्खियां बटौरने वाली एक्ट्रेस मायशा अय्यर का काफी समय पहले ही ब्रेकअप हो गया था। इन दिनों मायशा अय्यर अपने काम में काफी बिजी हैं। जहां लोगों का ब्रेकअप के बाद ब्रेकडाउन हो जाता है। वहीं मायशा अपनी लाइफ में बेहद ही खुश नजर आ रही हैं। हालांकि उनकी लेटेस्ट पोस्ट को देखकर आपको भी यही लगेगा। हाल ही में उनकी तस्वीरें में आप देख सकते हैं मायशा ने रेड कलर की ड्रेस में बेहद हॉट फोटोशूट करवाया है जिसमें वो बेहद खूबसूरत दिखाई दे रहीं हैं। बिग बॉस सीजन 15 की एक्स कंटेस्टेंट मायशा अय्यर ईशान सहगल से ब्रेकअप के बाद और भी ज्यादा ग्लैमरस दिखने लगीं हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। मायशा ने अपनी ये फोटोज रेगिस्तान में क्लिक करवाई हैं। मायशा जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों में भी उनका सिजलिंग और सेक्सी अवतार थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक्ट्रेस मायशा अय्यर ने इस ग्लैमरस फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बेहद ही स्टाइलिश लहंगा पहना हुआ है। अपने इस लुक में अभिनेत्री बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अपनी इन फोटोज में रेगिस्तान की तपती गर्मी में अपनी हॉटनेस से सोशल मीडिया पर आग लगा रही हैं। मायशा अय्यर अपनी इन तस्वीरों में रेगिस्तान की रेत पर बैठकर बेहद ही सिजलिंग अदाओं में पोज दे रही हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस लग रही हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म अफवाह 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी बीते काफी समय से अपने निजी विवादों के कारण चर्चा में थे। उनकी कई फिल्में भी रिलीज के लिए अटकी हुई थीं। अब उनकी पेशेवर जिंदगी पटरी पर लौटती नजर आ रही है। कुछ दिन पहले ही उनकी फिल्म जोगीरा सारा रारा के रिलीज डेट की घोषणा हुई थी। अब उनकी फिल्म अफवाह का ट्रेलर भी आ गया है। इस फिल्म में नवाज और भूमि पेडनेकर की जोड़ी देखने को मिलेगी।

सुधीर मिश्रा द्वारा निर्देशित यह फिल्म 5 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पहले यह फिल्म 24 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। इसका निर्माण अनुभव सिन्हा की प्रोडक्शन कंपनी बनारस मीडियावर्क्स ने किया है। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में नवाज और भूमि के साथ शारिब हाशमी, सुमित व्यास और सुमित कौल जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। ट्रेलर से पहले अनुभव सिन्हा ने पोस्टर जारी करके फिल्म की रिलीज के बारे में बताया था।

एक बार फिर से अनुभव सिन्हा सामाजिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि पर फिल्म लेकर आए हैं। फिल्म की कहानी एक युवा नेता, उसकी मंगेतर और एक सामाजिक कार्यकर्ता के इर्द-गिर्द घूमती है। इन तीनों की जिंदगी में उस वक्त भूचाल आ जाता है, जब भूमि और नवाज के किरदार का एक झूठा वीडियो तेजी से वायरल होता है। अफवाह तो है, पर फिक्र किसे है? आज के दौर में आंख मूंदकर अफवाह फैलाने वालों पर फिल्म करारी चोट करती दिख रही है।

अफवाह रिलीज होने के अगले हफ्ते ही नवाज की फिल्म जोगीरा सारा रा रा रिलीज होगी। यह फिल्म 12 मई को रिलीज हो रही है। फिल्म में नवाज के साथ नेहा शर्मा नजर आएंगी। जरीना वहाब और संजय मिश्रा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। उनकी फिल्म बोले चूड़ियां उनके भाई शमास के साथ मतभेदों को लेकर चर्चा में है। इसके उनकी फिल्म टीकू वेड्स शेरू और हड्डी का भी प्रशंसकों को इंतजार है।

नवाजुद्दीन इन दिनों पत्नी आलिया के साथ घरेलू विवाद के कारण चर्चा में हैं। सोशल मीडिया से लेकर कोर्ट तक में दोनों की कड़वाहट देखने को मिली। आलिया ने नवाज और उनके परिवार पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद दोनों के बीच वार-पलटवार ने बेहद कड़वा मोड़ ले लिया। पति-पत्नी के इस झगड़े के बीच नवाज के भाई शमास भी उनपर तीखे आरोप लगाते दिखे।

# स्टारप्लस ने किया नए शो तितली का ऐलान

स्टारप्लस अपने दर्शकों के लिए लेकर आया है एक अलग और पहले कभी न देखी गई लव स्टोरी जिसका नाम है तितली। इस शो के साथ दर्शकों को स्क्रीन पर जबरदस्त इमोशन्स के बीच एक परफेक्ट ओवरलैप देखने को मिलेगा। इसी के साथ वो एक नए टैलेंट को भी मौका देने वाले हैं।

तितली के साथ स्टारप्लस ने एक बार फिर एक और टैलेंटेड एक्ट्रेस- नेहा सोलंकी को लॉन्च करने की पुष्टि की है। नेहा तितली की शीर्षक भूमिका निभाती नजर आएंगी। दर्शक इस किरदार के अलग-अलग रंग देखेंगे, जिसमें एक महत्वाकांक्षी युवा महिला से लेकर भावनात्मक रूप से कमजोर होने तक, सब शामिल है।

तितली शो एक ट्विस्टेड लव स्टोरी है जहां तितली नाम की एक खुशमिजाज और जीवंत लड़की अपने आइडियल पार्टनर को खोजने और उसके साथ एक फेयरीटेल लाइफ जीने की तलाश में है। लेकिन क्या वह हमेशा के लिए खुश रहेंगी? नेहा सोलंकी इससे पहले जी टीवी के सेठजी और स्टार भारत के शो मायावी मलिंग में नजर आ चुकी हैं।

वहीं स्टार प्लस अपने इस शो के साथ दर्शकों के लिए एक ट्विस्टेड लव-स्टोरी लाकर भारतीय टेलीविजन में एक नई छलांग लगाने वाला है जिससे उसका लेवल और बढ़ा जाएगा, जिसे पहले कभी टेलीविजन पर नहीं देखा गया है। तितली का निर्माण स्टोरी स्क्वायर प्रोडक्शंस द्वारा किया गया है।

स्टार प्लस फिलहाल अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली, चाशनी और फालतू जैसे शोज के साथ दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है, जो कैरेक्टर एम्पावरमेंट पर फोकस करता है। तितली के साथ, स्टार प्लस का यही इरादा है और साथ ही अपने दर्शकों के लिए स्टोरीटेलिंग के एक अनोखे तरीके के साथ आगे बढ़ने की कोशिश भी है।

# धमाल 4 में अजय के बाद अनिल कपूर और माधुरी की एंट्री

पिछले कई दिनों से फिल्म धमाल 4 चर्चा में है और हो भी क्यों न, फिल्म की पिछली तीनों किश्तें हिट जो रही हैं। काफी समय से दर्शकों को इसके चौथे भाग का इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म होने वाला है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि अजय देवगन एक बार फिर अगली किस्त में धमाका करते दिखेंगे, वहीं अब इससे अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित भी जुड़ गई हैं। तीनों मिलकर फिल्म में धमाल मचाने वाले हैं।

फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अनिल और माधुरी को भी धमाल 4 का हिस्सा बना दिया गया है। कुमार ने दोनों सितारों को कहानी का आइडिया दिया, जिसे सुनते ही दोनों ने झट से चौथे भाग के लिए अपनी रजामंदी दे दी है। बता दें कि अनिल और माधुरी की जोड़ी धमाल के शुरुआती 2 भागों में नहीं थी। उनकी धमाकेदार एंट्री तीसरे भाग टोटल धमाल में हुई थी।

1992 में आई ड्रामा फिल्म बेटा में भी अनिल और माधुरी नजर आए थे और दोनों के अभिनय से सजी यह फिल्म भी सफल रही थी। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन भी इंद्र ने किया था। इस फिल्म ने 5 फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम किए थे। इसी फिल्म के सेट से निर्देशक के साथ अनिल और माधुरी की दोस्ती हुई थी, जो अब भी बरकरार है। अब तीनों फिर साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

अनिल-माधुरी की जोड़ी सुपरहिट रही है। उनकी फिल्में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा जाती थीं। दर्शकों को इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता था। राम लखन, जमाई राजा और तेजाब जैसी कुछ फिल्मों ने तो दर्शकों को इनका दीवाना बना दिया था।

धमाल एक कॉमेडी फ्रेंचाइजी है, जिसकी पहली किस्त 2००7 में आई थी। इसमें संजय दत्त, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी और आशीष चौधरी नजर आए थे। दूसरी किस्त डबल धमाल 2०11 में आई, जिसमें मल्लिका शेरावत और कंगना रनौत शामिल हुई थीं। इसके अलावा टोटल धमाल 2०19 में रिलीज हुई, जिसमें माधुरी-अनिल जुड़े और यह भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल रही। फिल्म में अजय ने गुड्डू नाम के एक चोर का किरदार निभाया था।

माधुरी को पिछली बार वेब सीरीज द फेम गेम और फिल्म मजा मा में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म या सीरीज की अभी घोषणा नहीं हुई है। दूसरी तरफ अनिल को पिछली बार वेब सीरीज द नाइट मैनेजर में देखा गया, जिसमें उनके काम को दर्शकों ने खूब सराहा। जल्द ही वह ऋतिक रोशन के साथ फिल्म फाइटर में नजर आएंगे। इसके अलावा उन्हें रणबीर कपूर के साथ फिल्म एनिमल में भी एक खास भूमिका में देखा जाएगा।

# एकता के सात फेरे और एक अदरक-पंजा

पंकज शर्मा

अजूबा तभी होगा, जब प्रतिपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं के चेहरे यक-सां होने के साथ-साथ उन सभी के ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के मन भी आपस में घुलमिल जाएं। क्या यह आसान होगा? क्या पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, मार्क्सवादी पार्टी और कांग्रेस के जन-जन एक-दूसरे के लिए रूह-अफ़ज़ा हो पाएंगे? क्या उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के पट्ठे गलबहियां कर घूमने लगेंगे? क्या केरल में वाम दलों और कांग्रेस के धरतीपुत्र मिलजुल कर चुनावी खेत में हल चला लेंगे?

कांग्रेस-अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व-अध्यक्ष राहुल गांधी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मुलाकात के बाद विपक्षी एकता की कोशिशें ठोस आकार लेती तो दिखाई देने लगी हैं, लेकिन इस मिलन की तसवीरों को देख कर अभी से फुदकना शुरू कर देने वाली कांग्रेस की लिपिक-टोली को यह बताना ज़रूरी है कि दिल्ली अभी उतनी ही दूर है, जितनी 2019 में थी। यह अलग बात है कि दिल्ली नरेंद्र भाई मोदी से भी अब दिन-ब-दिन दूर होती जा रही है और वे 2024 में उसे गप्प से गटकने की स्थिति में नहीं हैं, मगर इतनी कूवत उन में एक बरस बाद भी बनी रहेगी कि वे दिल्ली को अपने अदरक-पंजों से पूरी तरह बाहर न जाने दें। 2014 में वे जिस तरह दनदनाते हुए रायसीना-पहाड़ी पहुंचे थे, 2024 में उन्हें उसी तरह सनसनाते हुए इस पहाड़ी से नीचे ठेल देने लायक हैसियत विपक्ष की अभी नहीं हुई है। बचे बारह महीने में अगर हो जाए, तो वह विलक्षण चमत्कार होगा।

विपक्षी एकता की राह में कई घुमावदार मोड़ अभी बाकी हैं। बंद-कमरा बातचीत में हालांकि नीतीश ने राहुल-खड़गे को भरोसा दिलाया है कि वे ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को विपक्ष की बेलबूटी-जाजम पर सब के साथ बिठा देंगे, मगर क्या वे सचमुच ऐसा कर पाएंगे? तेजस्वी ने भी अखिलेश यादव को इस दस्तरख़ान तक ले आने का विश्वास राहुल के सामने ज़ाहिर किया है, लेकिन वे इस में कितने कामयाब होंगे, मालूम नहीं। ममता, केजरीवाल और अखिलेश को अगर नीतीश-तेजस्वी ने विपक्ष के सफ़र में कांग्रेस का साथी बना दिया, तब तो समझ लीजिए कि आगामी आम चुनाव का भवसिंधु दो तिहाई से ज़्यादा पार हो गया। शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एम. के. स्टालिन और वाम दल पहले से साथ हैं। मायावती और के. चंद्रशेखर राव सरीखों ने अगर अपना बखेड़ा समेट लिया तो 2024 की गर्मियों में आप एक अद्भुत करिश्मा घटता हुआ देख भी सकते हैं।

मगर यह अजूबा तभी होगा, जब प्रतिपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं के चेहरे यक-सां होने के साथ-साथ उन सभी के ज़मीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के मन भी आपस में घुलमिल जाएं। क्या यह आसान होगा? क्या पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, मार्क्सवादी पार्टी और कांग्रेस के जन-जन एक-दूसरे के लिए रूह-अफ़ज़ा हो पाएंगे? क्या उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के पट्ठे गलबहियां कर घूमने लगेंगे? क्या केरल में वाम दलों और कांग्रेस के धरतीपुत्र मिलजुल कर चुनावी खेत में हल चला लेंगे? क्या अभी-अभी राष्ट्रीय पार्टी बनने से गदगद आम आदमी पार्टी के आम-जन अपनी विस्तारवादी ललक को निस्पृह भाव से विपक्षी एकजुटता के हवनकुंड के हवाले कर देंगे? सो, नरेंद्र भाई की शक्ल से मुक्ति पाने के जज़्बा ले कर हमराही बनने वाली एकाध दर्जन शिखर-शक्लें जब तक अपने-अपने अंत्यजन को भी इसी भाव में सराबोर न कर दें, दिल्ली कैसे पास आएगी? 'तुम चंदन, हम पानी' की ये भावलहरियां पैदा करना क्या इतना आसान है?

इसलिए बावजूद इसके कि कांग्रेस विपक्ष की लाटसाहबी की ललक को तिलांजलि भी दे दे, राहुल गांधी मौका मिलने पर भी प्रधानमंत्री बनने से आज ही इनकार भी कर दें और कांग्रेस कहीं-कहीं नुकसान उठा कर भी एकता-प्रयासों के सात फेरे ले ले; विपक्षी दल वह गोंद कहां से लाएंगे, जो उनके अंतिम कतार की तमाम कतरनों को एक बड़े फलक पर ईमानदारी से चस्पा कर दे? अगर ऐसा नहीं होगा तो नरेंद्र भाई अट्टहास करते हुए संदूक फाड़ कर फिर बाहर आ जाएंगे। उनके हाथ-पांव बांधने वाली ज़ंजीर अगर कच्चे लोहे से बनी होगी तो उसे चटकाना वे बख़ूबी जानते हैं। इसलिए सारा दारोमदार इस पर है कि प्रतिपक्ष के पास हर स्तर पर कितना इस्पाती इरादा है। अपने-अपनों को ही सिरमौर देखने की हसरत कुर्बान किए बिना कोई भी विपक्षी एकता कुछ भी मायने नहीं रखेगी।

कल्पना कीजिए कि लोकसभा से राहुल के निष्कासन का विरोध करने के लिए इकट्ठे हुए सभी 18-19 राजनीतिक दलों की एकजुटता चुनावी गठबंधन में औपचारिक तौर पर तब्दील तो हो गई, मगर धरातल पर अगर वह व्यावहारिक नहीं बन पाई और ऐसे में नरेंद्र भाई 2024 में फिर 2019 के आसपास सीटें ले उड़े तो क्या होगा? क्या तब इस अवधारणा के परखच्चे हमेशा के लिए नहीं उड़ जाएंगे कि समूचा विपक्ष अगर एक हो जाए तो भारतीय जनता पार्टी की कभी भी सवा सौ से ज़्यादा सीटें आ ही नहीं सकती हैं? जनतंत्र के लिए 2024 में बड़ा ख़तरा नरेंद्र भाई के लौटने की संभावना से पैदा होगा या सकल-विपक्ष के अप्रासंगिक हो जाने की आशंका से? इसलिए विपक्षी दल एक मंच पर आएं तो या तो अपने घर-बार ज़मींदोज़ कर के आएं या फिर बेहतर है कि अपनी-अपनी ढपली पर अपना-अपना राग ही बजाते रहें। अधूरे मन से इकट्ठे हो कर अगर उन्होंने नरेंद्र भाई के मुकुट की चमक बरकरार रखने में भूला-भटका योगदान कर दिया तो आने वाले कई दशक तक लोग विपक्षी एकता के अड़सट्टे पर यकीन ही नहीं किया करेंगे।

यह सच्चाई नरेंद्र भाई भी जानते हैं कि उनका भूत अब लोगों के सिर से बहुत-कुछ उतर गया है। यह असलियत नरेंद्र भाई की समझ में आ गई है कि लोग उनकी असलियत समझ गए हैं। नरेंद्र भाई के सामने चूंकि उनके अपनों की बुरी तरह घिग्घी बंधी हुई है, इसलिए उनसे तो कोई नहीं कहता है कि उनके किए काम तो बहुत नाटे हैं, परछाईं ज़रूर बहुत बड़ी बनाने में उन्हें कामयाबी मिल गई है। लेकिन उनके आसपास के ये लोग अब एक-दूसरे के कान में बुदबुदाने लगे हैं कि इस तरह के दृश्य-चित्र रचते रहने से कब तक बात बनेगी? आख़िर तो एक दिन सब सामने आएगा और जब आएगा तो सब-कुछ बह जाएगा। यह सैलाबी आशंका प्रशासकीय अंत:पुर में फ़िक्र की लहरों का उफ़ान पैदा करने लगी है।

अनभिज्ञता में ही जिन्हें अपना सौभाग्य नज़र आता हो, उनकी नज़रों को मेरा सलाम! सो, नरेंद्र भाई को भी मेरा सलाम और प्रतिपक्ष के चौधरियों को भी मेरा सलाम! नरेंद्र भाई का आलम यह है कि अपने पैरों के नीचे से खिसकते जा रहे कालीन का अंदाज़ उन्हें हो ही नहीं रहा है और विपक्ष की विडंबना यह है कि ख़स्ताहाल नरेंद्र भाई के ख़िलाफ़ एकजुट होने का उसका ऊहापोही-दौर है कि ख़त्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। विपक्ष की यह धक्कमपेल जब तक चलती रहेगी, तब तक नरेंद्र भाई को क्या चिंता? धक्कमपेल की रेलमपेल बनाने का हुनर वे जानते ही हैं, सो, उन्हें और भी कोई चिंता नहीं है।

बैठा हुआ हाथी भी खड़ी हुई भेड़ से तो ऊंचा ही होता है। इसलिए विपक्ष अगर एकजुट हो भी जाए तो भी नरेंद्र भाई निश्चिंत दिख रहे हैं। वे जानते हैं कि विपक्ष उनका कुछ नहीं कर पाएगा, जब करेगी, जनता ही करेगी और जनता के लिए उनकी दराज़ में तरह-तरह के रंग-बिरंगे जालबट्टों का ज़ख़ीरा अभी बाकी है। रोज़मर्रा के कर्मकांड कर रहे विपक्ष के बुनियादी हावभाव देख कर क्या आपको लगता है कि 2024 में वह दिल्ली की दहलीज़ तक पहुंच जाएगा? मेरा मन है कि पहुंच जाए। मगर मेरे मन से क्या होता है? मन तो विपक्ष का होना चाहिए। पता नहीं, है कि नहीं।

## सू- दोकू क्र.002

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 01 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

# एक फिजूल की बहस

एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है।

समलैंगिक विवाह का मसला एक अत्यधिक और संभवत: जरूरत से ज्यादा महत्त्व पाने वाला विषय है। इसकी एक वजह संभवत: इससे जुड़ा यौन का पक्ष होता है, जिसको लेकर समाज में एक स्वाभाविक कौतूहल का भाव रहता है। फिर इसके समर्थन और विरोध में बंटना सियासी लिहाज से भी फायदेमंद बना रहा है। एक तरफ समलैंगिक विवाह का समर्थन प्रगतिशील दिखने का एक आसान रास्ता है, वहीं इसका विरोध एक मजहबी सोच वाले समाज में परंपरावादी खेमों के बीच अपना नैतिक भाव बढ़ाने का जरिया साबित होता है। वरना, ऐसे मुद्दों को लोगों की निजी जिंदगी के लिए छोड़ा जा सकता है।

असल में ऐसा ही सदियों से रहा है। जैसे रिश्ते आम तौर पर लोगों को पसंद ना हों, उन्हें कानूनी मान्यता दिलवाने की कोशिश असल में उतनी ही गैर-जरूरी है, जितनी उन्हें गैर-कानूनी बनाने के लिए वैधानिक उपाय करने की मांगें हो सकती हैं। लेकिन जब किसी समाज में इनसान की आम खुशहाली के मुद्दों को राजनीतिक और सामाजिक विमर्श से हटा दिया जाता है, तब ऐसे मुद्दे केंद्र में चले आते हैं। तो अब सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह की वैधता के मसले पर सुनवाई शुरू कर रहा है।

केंद्र सरकार ने इस बारे में अपना रुख उसे बताया। केंद्र ने ऐसे चलन का विरोध किया है। केंद्र ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच के सामने सुनवाई से पहले एक नया आवेदन दायर किया है। उसमें कहा गया है कि समलैंगिक विवाह की मांग सामाजिक स्वीकृति के उद्देश्य से केवल शहरी संभ्रांतवादी विचार है।

इसे मान्यता देने का मतलब कानून की एक पूरी शाखा को दोबारा लिखना होगा। केंद्र ने कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। किसी विवाह को मान्यता देना अनिवार्य रूप से विधायी कार्य है और कोर्ट को इस पर फैसला करने बचना चाहिए। उचित होगा कि सुप्रीम कोर्ट केंद्र की इस दलील को स्वीकार कर ले। कानून बनाना निर्विवाद रूप से संसद का ही दायित्व है।( आरएनएस)

# राणा नायडू के सीजन 2 की तैयारी में जुटा नेटफ्लिक्स

अमेरिकी टीवी शो रे डोनोवन का रीमेक राणा नायडू के दूसरे सीजन के लिए नेटफ्लिक्स तैयारी कर रहा है। सीरीज को आगे बढ़ाने के बारे में बात करते हुए, नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहा- नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज स्लेट पिछले कुछ सालों में अलग-अलग शैलियों में कई तरह की रोमांचक कहानियों के साथ लोगों का मनोरंजन करती रही है। राणा नायडू को लोगों ने काफी पसंद किया है। थ्रिलर ने भारत और दुनिया भर में फैंस को अपनी ओर आर्कषित किया है। राणा नायडू में राणा और वेंकटेश दग्गुबती के अलावा सुरवीन चावला, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकारों की परफॉर्मेस की सराहना की गई। नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि यह हाई स्टेक फैमिली ड्रामा दूसरे सीजन में ज्यादा ट्विस्ट, टर्न और धमाकेदार एक्शन के साथ वापस आएगा।

सीरीज के सीजन 2 के बारे में बात करते हुए, लोकोमोटिव ग्लोबल के निर्माता सुंदर आरोन ने कहा- राणा नायडू की ब्लॉकबस्टर सफलता मजबूत किरदारों, प्रामाणिक और शानदार कहानी का एक वसीयतनामा है।

# दून सिख वेलफेयर सोसाइटी ने निर्धन स्कूली बच्चों को यूनिफार्म वितरित किये



संवाददाता

देहरादून। दून सिख वेलफेयर सोसाइटी ने निर्धन स्कूली बच्चों को यूनिफार्म वितरित की।

आज यहां दून सिख वेलफेयर सोसायटी ने श्री गुरु नानक पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में जहाँ इस वर्ष 75 नये छात्राओं का एडमिशन हुआ जो अभाव ग्रस्त समाज से आये हैं। प्रधानाचार्या ने उनकी संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सरदार कृपाल सिंह से सम्पर्क किया और निर्णय लेकर तुरन्त वितरण का निर्णय लिया। आज सभी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ इस शुभ कार्य को सम्पन्न किया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती गुरुप्रीत कौर रंधावा ने संस्था के प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल को जब भी कोई आवश्यकता होती है तो वे सदैव तत्पर रहते है। संस्था के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह मदान ने संस्था अपनी शपथ के अनुसार समाज के अभावग्रस्त की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहती है। शिक्षा अनुदान सीमित के चेयरमैन सरदार जी एस डंग कार्यकारिणी का आभार प्रकट किया कि वे जब भी प्रस्ताव रखते है संस्था सदैव तैयार रहती है। कार्यक्रम में संस्था के मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह भाटिया मेहनत एवँ लग्न से शिक्षा ग्रहण कर परिवार, समाज और देश की सेवा करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सचिव के के अरोड़ा, कोषाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, पूर्व अध्यक्ष सतनाम सिंह, स्कूल की अध्यापिकाये उपस्थित रहे।

## यात्रा मार्गो को गड्ढा मुक्त किया जाये:दीक्षित

संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि जिन स्थानों पर गढडे हैं उनको भरा जाये तथा यात्रा मार्ग को गड्ढा मुक्त रखा जाये।

आज यहां जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जवाड़ी बाईपास से सिरोहबगड़ राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग के जिन स्थानों पर गड्ढे हो रखे हैं उन स्थानों को तत्परता से कार्य करते हुए गड्ढा मुक्त करें ताकि आने वाले तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी एवं असुविधा न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि सिरोहबगड़ भू-स्खलन क्षेत्र में खराब मौसम के दृष्टिगत जेसीबी मशीन हर समय उपलब्ध रहे ताकि मार्ग अवरुद्ध होने पर तत्काल सड़क मार्ग को आवाजाही के लिए खोला जा सके। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा मार्ग में डामरीकरण का कार्य तत्परता से किया जा रहा है जिससे कि यात्रा मार्ग में जाम की स्थिति न हो तथा यात्रा निरंतर संचालित होती रहे।

## चिकन शाप की आड़ में कर रहा था शराब का कारोबार, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पौड़ी। चिकन शॉप की आड़ में अवैध शराब का व्यापार करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने 42 बोतल अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य शराब तस्कर को पुलिस ने पंद्रह बोतल अंग्रेजी शराब सहित धर दबोचा है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम पौड़ो कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक चिकन शाप में एक व्यक्ति शराब का अवैध कारोबार कर रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान ल्वाली बाजार स्थित चिकन शाप पर छापेमारी की गयी। इस दौरान वहां दुकान मालिक विपिन कुमार को 42 बोतल अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर कोटद्वार कोतवाली पुलिस ने नरेन्द्र सिंह नामक व्यक्ति को 15 बोतल (60 पव्वे) अंग्रेजी शराब के साथ बेलाडाट चौराहा, घराट मन्दिर कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया है। जिनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है।

# श्रीअन्न महोत्सव 2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सचिवालय में श्रीअन्न महोत्सव 2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। यह महोत्सव 13-14 मई 2023 को सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला देहरादून में प्रस्तावित है। कृषि विभाग द्वारा आयोजित श्री अन्न महोत्सव का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित मिलेट्स के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष की संकल्पना के अनुरूप मोटे अनाजों के स्वास्थ्यवर्धक लाभों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस महोत्सव में आंगतुक भारत के विभिन्न राज्यों के स्थानीय अनाजों के स्टॉलों का अवलोकन कर सकेंगे।



यह मिलेट्स महोत्सव एक सामूहिक प्रयास है जिसमें विभिन्न हितधारक सम्मिलित हैं जो मिलेट्स की खेती तथा उपयोग को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसमें, उत्तराखण्ड सरकार का कृषि विभाग तथा अन्य विभाग, इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट्स रिसर्च हैदराबाद, राज्य के कृषि विश्वविद्यालय तथा शोध संस्थान, कृषि महाविद्यालय, होटल, रेस्टोरेण्ट, कृषक समूह, एफपीओ, स्वयं सहायता समूह, कोऑपरेटिव सोसाइटीज, स्टार्ट अप, निजी कम्पनियां तथा कृषि निवेशक सम्मिलित होंगे। इस मिलेट्स महोत्सव में केन्द्र सरकार तथा सभी राज्यों के कृषि मंत्री भी प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में श्री अन्न महोत्सव 2023 का आयोजन किया जाना राज्य के लिए एक उपलब्धि है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस महोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों के लिए मिलेट्स पर आधारित चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाय। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2021-22 में 2.0 लाख मैट्रिक टन पौष्टिक अनाजों का उत्पादन किया गया, जिससे मिलेट्स की बढ़ती लोकप्रियता तथा बाजार में इसकी भारी मांग का पता चलता है। मिलेट्स की कृषि को बढ़ावा देने तथा इनके अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'उत्तराखण्ड मिलेट्स मिशन' प्रस्तावित किया गया है। इसके तहत मिलेट्स के किसानों को सहायता दी जाएगी तथा मिलेट्स आधारित उत्पादों के लिए मार्केट लिंकेज तैयार किया जाएगा। बैठक में अपर सचिव पूजा गर्ब्याल, निकिता खण्डेलवाल, मनुज गोयल, निदेशक कृषि गौरी शंकर, रजिस्ट्रार सहकारिता आलोक कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक के जन्म दिवस पर लगाया हेल्थ कैम्प

संवाददाता

देहरादून। कैण्ट विधानसभा की विधायक सविता कपूर के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं के द्वारा एक हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।



आज यहां भारतीय जनता पार्टी कैंट विधानसभा जी एम एस मंडल के उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी द्वारा क्षेत्रीय विधायक कैंट विधानसभा की श्रीमती सविता कपूर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को के.सी.पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से एक मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन ग्राफिक एरा हॉस्पिटल द्वारा किया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा फ्री परामर्श पैथोलॉजी टेस्ट एवं दवाइयों का फ्री वितरण किया गया जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण का सीधा प्रसारण भी वार्ड नंबर 34 गोविंदगढ़ बूथ नंबर 132 कार्यक्रम सुना गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जीएमएस मंडल के अध्यक्ष सुमित पांडे, अंजू बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू बंसल, अतुल कपूर, पार्षद मीनाक्षी मौर्य, विकास शर्मा, सचिन जैन, कुलदीप विनायक, सुमन सिंह, अजय सिंह, राहुल चौहान, मोनू, डॉ शांतनु, शुभम, डॉ कुमार गौरव, डॉ अमित पंडित, डॉक्टर सौरभ भार्गव, डॉक्टर संजय चौहान, कुलदीप सिंह, प्रशांत वशिष्ठ और साथ में नर्सिंग स्टाफ ने विशेष सहयोग किया। रेखा निगम, रोमा देवी, शेखर नौटियाल, मोहिनी सैनी, बिपाशा, सचिन, दिनेश अरोड़ा, विक्रम खुराना, आकाश शर्मा, राजकुमार साह, प्रियांशु शुक्ला, चंदा सागर उनियाल, राजेंद्र मोहन केसला, के ए पाल, दीपक गुप्ता, अनुराग गर्ग, अनु चौधरी, महेश आदि मौजूद थे।

# अगर बने जागरुक नागरिक तो पुलिस ही कर देगी मुखबिरी...?

संवाददाता

देहरादून। समाज से बुराई दूर करने के लिए कहीं आप जागरूक नागरिक बने तो ऐसा न हो कि पुलिस ही मुखबिरी कर दे और जागरुक नागरिक बनने के चक्कर में दुश्मन पैदा हो जायें।

उल्लेखनीय है कि समाज में कई प्रकार की बुरायी दिखायी देती है जिसको साफ करने का मन कई बार आम इंसान का भी होता है लेकिन इस मामले में भी सोच समझकर ही चलना पडेगा। वहीं पुलिस के अधिकारी आये दिन जनता से अपील करते रहते हैं कि उनको क्षेत्र में जहां पर भी किसी प्रकार का नशा बिकता दिखायी दे तो उनको उसके बारे में बताया जाये उनका नाम गुप्त रखा जायेगा। लेकिन ऐसा कुछ पुलिस करती नहीं है इस बात को भी अपने दिमाग में प्रत्येक नागरिक को रखनी चाहिए। क्योंकि पुलिस बोलती कुछ है और करती कुछ और ही है। ऐसे कई वाक्या इसको सिद्ध करने के लिए हैं। कुछ समय पूर्व नेहरू कालोनी थाना क्षेत्र से जमीनों के फर्जीवाडे के मामले में एक व्यक्ति हनुमान चौक में फरारी काट रहा था। तभी एक युवक ने नेहरू कालोनी थाने में उसके बारे में सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने उक्त फरार व्यक्ति को हनुमान चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया लेकिन उसको यह भी बता दिया कि उसके बारे में पुलिस को सूचना किसने दी थी। जिसके बाद उक्त फ्राड ने सूचना देने वाले व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दी थी। यह पुलिस की कार्यवाही का पहला मामला है। दूसरा मामला शहर एक स्थान पर प्रतिबन्धित खाल होने की सूचना एक युवक ने एसओजी को दी। एसओजी घटनास्थल पर पहुंची भी लेकिन वहां पर क्या हुआ इसका किसी को पता नहीं लेकिन हां यह जरूर हुआ कि एसओजी को सूचना देने वाला युवक जरूर गायब हो गया। यह घटनाएं पुलिस की विश्वसनियता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।

एक मामला अभी हाल ही का है। 29 अप्रैल की रात्रि को मन्नूगंज क्षेत्र में एक जागरण कार्यक्रम हो रहा था देर रात्रि करीब एक बजे वहां पर रहने वाले व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी कि यहां पर शोर हो रहा है। लेकिन स्थानीय पुलिस ने मामले को गम्भीरता से नहीं लिया तो पीडित ने मामले की सूचना एसएसपी को दे दी। एसएसपी के कहने पर भी जब स्थानीय पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो उक्त व्यक्ति के द्वारा दुबारा इसकी सूचना एसएसपी को फोन कर दी। जिसके बाद शायद एसएसपी ने स्थानीय पुलिस को सख्ती से कहा। इस पर स्थानीय पुलिस ने शिकायतकर्ता को फोन पर धमकाया और कहा कि 'तुम कोई खुदा नहीं हो, तुम पुलिस को नहीं जानते', एक जिम्मेदारी वाले पद पर बैठे व्यक्ति के द्वारा छिछोरों की तरह बात करना इस बात को तो साबित कर ही देता है कि पुलिस को कुछ काम मत कहो। शिकायतकर्ता से बतमीजी करने के बाद पुलिस ने कार्यक्रम संचालकों को बता दिया कि तुम्हारी शिकायत फलां आदमी ने की है जिसके बाद कार्यक्रम करने वाले उक्त व्यक्ति के घर तक भी पहुंच गये थे लेकिन उसका कुछ बिगाड नहीं पाये।

यह है पुलिस? इसके बाद भी अगर किसी को जागरूक नागरिक बनना हो तो अपना भला बुरा सोचकर बनना? पुलिस से किसी प्रकार की कोई उम्मीद करना अपनी नासमझी है।

## एक नजर

# विधानसभा बैकडोर भर्ती घोटालों में सरकार को पुनः नोटिस

संवाददाता



नैनीताल। विधानसभा बैकडोर भर्ती घोटाले के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को पुनः नोटिस देकर जल्द जवाब मांगा है।

उत्तराखंड में विधानसभा बैकडोर भर्ती में भ्रष्टाचार व अनियमितता के विषय में देहरादून निवासी कांग्रेस नेता व सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव थापर की जनहित याचिका हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इस विषय पर विधानसभा ने एक जाँच समिति बनाकर 2016 से भर्तियों को निरस्त कर दिया, किंतु यह घोटाला राज्य 2000 में राज्य बनने से लेकर आज तक चल रहा था जिसपर सरकार ने अनदेखी करी। इस विषय पर अबतक अपने करीबियों को भ्रष्टाचार से नौकरी लगाने में शामिल सभी विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्रियों पर भी सरकार ने चुप्पी साधी हुई है। इस याचिका का हाईकोर्ट ने गंभीरता से संज्ञान लिया और 30 नवम्बर 2022 को सरकार को 8 हफ्ते में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए पर और विधानसभा ने अपना जवाब हाईकोर्ट में दाखिल कर दिया किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण है की 6 महीने बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार ने अभी तक न्यायलय को कोई जवाब नहीं दिया है। याचिकाकर्ता अभिनव थापर ने हाईकोर्ट के समक्ष मुख्य बिंदु में सरकार के 2003 शासनादेश जिसमें तदर्थ नियुक्ति पर रोक, संविधान की आर्टिकल 14, 16 व 187 का उल्लंघन जिसमें हर नागरिक को नौकरियों के समान अधिकार व नियमानुसार भर्ती का प्रावधान है, उत्तर प्रदेश विधानसभा की 1974 व उत्तराखंड विधानसभा की 2011 नियमवलयों का उल्लंघन किया गया है। उल्लेखनीय है की भाजपा के पूर्व सांसद, पूर्व कानून मंत्री व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ सुब्रमण्यम स्वामी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर, व अपने सोशल एकाउंट से ट्वीट कर विधानसभा से निलंबित 228 कर्मचारियों के पुनः बहाली हेतु आग्रह किया। इससे उत्तराखंड के युवाओं के हितों एवं हक-हकूक की रक्षा हेतु याचिकाकर्ता अभिनव थापर ने पुरजोर विरोध भी किया है। उल्लेखनीय है कि जिस मुख्यमंत्री को डॉ स्वामी ने पत्र लिखा है उनके अपने रिश्तेदार इन बर्खास्त 228 कर्मचारियों में से है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की रिश्तेदार एकांकी धामी सहित 72 लोगों को मुख्यमंत्री धामी द्वारा अपने सर्वोच्च विशेषाधिकार ष्विचलनष् का दुरुपयोग कर 2022 में नियुक्ति प्रदान की गई थी, जिसमें तत्कालीन स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल , आदि के रिश्तेदारों को भी नियुक्ति प्रदान की गयी है। जनहित याचिका के हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिजय नेगी ने बताया कि हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधिश विपिन सांघी व न्यायाधीश राकेश थपलियाल युगल पीठ ने इस याचिका के विधानसभा बैकडोर नियुक्तियों में हुई अनियमितता व भ्रष्टाचार विषय पर विधानसभा का जवाब आ चुका है किंतु प्रदेश सरकार ने 6 महीने से जवाब दाखिल नही किया अतः सरकार को पुनः नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने 4 सप्ताह में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया। अगली सुनवाई की तिथि 30 जून को तय की गई है।

# आदमखोर बाघ से लोगों को बचाने के लिए सीएम हस्तक्षेप करें: धीरेंद्र

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप ने नैनीडांडा व रिखणीखाल में सक्रिय आदमखोर बाघ को पकडने व मारने के लिए मुख्यमंत्री से पहल करने के लिए कहा।

आज यहां जारी एक बयान में उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पौड़ी जनपद के नैनीडांडा और रिखणीखाल विकासखंड में सक्रिय आदमखोर बाघ को पकड़े जाने या मारे जाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इस बाघ ने पिछले कुछ ही दिनों में 2 लोगों को नैनीडांडा और रिखणीखाल विकासखंड में अपना निवाला बना लिया है। वन विभाग के लोगों ने एक दो जगह अपने जंगले लगाकर अपने काम की इतिश्री कर ली है और लोग दहशत का जीवन बिता रहे हैं। स्थानीय लोगों ने अपने बाजारों को इसके खिलाफ बंद किया है परंतु प्रशासन के कानों में जूं नहीं रेंगी है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यह सरकार का काम है कि वह लोगों के जानमाल की रक्षा करें परंतु स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी मौन साधे हुए हैं और लोग चिंता का जीवन गुजार रहे हैं। बच्चों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। धीरेंद्र प्रताप ने चेतावनी दी यदि इस संबंध में जल्द से जल्द बात को खेले जाने या मारे जाने की कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेसी इसके विरुद्ध आंदोलन करेगी।

# रिकॉर्ड तोड़ बारिश व बर्फबारी, चारधाम यात्रियों पर भारी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में लगातार हो रही वर्षा और बर्फबारी ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। चार धाम यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक बारिश और बर्फबारी का क्रम जारी है जिसके थमने के आसार नहीं दिख रहे हैं। खास बात यह है कि खराब मौसम के बीच भले ही 3 मई तक रजिस्ट्रेशन रोक दिए गए हो लेकिन यात्रा बदस्तूर जारी है। शासन प्रशासन की कोशिशों के बाद भी यात्रियों का धामों में पहुंचना जारी है जबकि बारिश व बर्फबारी के चलते धामों में व्यवस्थाएं भी चरमरा चुकी है। खाने पीने का सामान मनमाने दामों पर बेचा जा रहा है, पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है वहीं यात्रियों के विश्राम के लिए लगाए गए टेंट भी टूट गए हैं।

मौसम विभाग द्वारा हालांकि 2 दिन पूर्व ही यह चेतावनी दी जा चुकी थी कि 3 मई तक मौसम खराब रहने वाला है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम खराब होने के पूर्वानुमान के बाद यात्रियों को भी दिशा निर्देश दिए गए थे कि वह खराब मौसम में यात्रा न करें लेकिन



**●केदारनाथ में बर्फबारी से बिगड़ी व्यवस्थायें**
**●बद्रीनाथ धाम में बारिश से बढ़ी सर्दी**

यात्रियों का धामों में पहुंचना जारी है रास्ते की मुश्किलों के साथ ही अब इन यात्रियों को धामों में भी कई तरह की परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है तापमान में आई भारी गिरावट के कारण धामों में कड़ाके की सर्दी के कारण यात्रियों को स्वास्थ्य समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

बीती रात से जहां केदारधाम में लगातार बर्फबारी हो रही है वही बद्रीनाथ धाम में बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण रास्तों के बंद होने से भी यात्रा बाधित हुई है। चमोली पौड़ी और पिथौरागढ़ तथा राजधानी दून और हरिद्वार सहित राज्य के निचले क्षेत्रों में जहां बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है वही फसलों और बागवानी को भी भारी नुकसान हुआ है। उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वह खराब मौसम में यात्रा न करें। उत्तरकाशी के हर्षिल मोटर मार्ग पर एक बस के फंस जाने से यातायात प्रभावित होने की खबर है वही पिथौरागढ़ के चाइना बार्डर क्षेत्र में छीरकीना ग्लेशियर के टूटने से मोरी नदी तक पैदल मार्ग बंद हो गया है जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही है।

### अभी और अधिक बिगड़ेगा मौसम

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा आगामी 3 मई को और अधिक मौसम खराब होने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि 2 व 3 मई को पूरे राज्य में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश होगी वही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और ओलावृष्टि होगी। राज्य में 5 मई तक मौसम खराब रहने की बात कही गई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वह इस दौरान यात्रा न करें।

# मुख्य सचिव ने जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सोमवार को सचिवालय में 24 से 28 मई 2023 में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उनकी तैयारियों पर विस्तृत जानकारी ली।



मुख्य सचिव ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थलों एवं वापसी में एयरपोर्ट तक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं जिला प्रशासन आपसी सामंजस्य से हेल्प डेस्क उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने प्रतिभागियों के आवागमन के दौरान यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखते हुए सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि यातायात योजना इस प्रकार से तैयार की जाए कि न ही जी-20 के प्रतिभागियों को कोई समस्या हो, न ही चारधाम यात्रा के यात्रियों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़े।

मुख्य सचिव ने कहा कि देश-विदेश से आए प्रतिभागियों के समक्ष अपने प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति की झलक पहुंचाने के अवसर के रूप में देखते हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति योगा और आयुष का प्रचार प्रसार के साथ उक्त उत्पादों की जानकारियां भी उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। जी-20 कार्यक्रम के दौरान जिन-जिन विभागों की भूमिका रहेगी, उन विभागों द्वारा अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी. मुरुगेशन, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, आर. राजेश कुमार एवं विनोद कुमार सुमन, एस.एन. पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी टिहरी सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# धर्मनगरी में चल रहे सैक्स रैकेट का..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने बताए गए कमरों को खुलवाने पर 2 अलग-अलग कमरों से 2 युवतियों को बरामद किया। जिन्होने बताया कि वो काम धंधे की तलाश में हरिद्वार आई थी, जिनकी मुलाकात रेलवे स्टेशन पर सपना राजपूत नाम की महिला से हुई, जिसने इनकी मुलाकात हिल व्यू होटल में काम करने वाले मैनेजर इबदुल्लाह उर्फ रिहान व सोनू से कराई जिनके द्वारा इनको पैसों का लालच देकर इस गलत धंधे में धकेल दिया गया। सपना राजपूत व सोनू ग्राहक लेकर आते थे और इबदुल्लाह उर्फ रिहान एवं मुकेश शर्मा अपने-अपने होटलों में इनके लिए कमरे उपलब्ध कराये जाते थे।

पुलिस ने होटल मैनेजर हिल व्यू इबदुल्लाह उर्फ रिहान निवासी निवासी ग्राम रसूलपुर दबेढी थाना कोतवाली बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर उप्र व होटल मैनेजर रैमसन मुकेश शर्मा पुत्र सतपाल शर्मा निवासी जींद थाना सदर जिला जिंद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि सोनू व सपना राजपूत फरार बताए गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*